हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 कृषि विकास में राष्ट्रीय स्तर पर चमका जिला दिल्ली में कलेक्टर...



07 बिजली समस्या को लेकर कांग्रेस ने घेरा जीएम कार्यालय...



खबर संक्षेप

हत्या के प्रयास में पुरुष और महिला आरोपी गिरफ्तार

सागर। गोपालगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर एक पुरुष और एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 10 अक्टूबर की रात ग्राम तिली में पुरानी रंजिश को लेकर प्रद्युम्न चौसिरया के साथ विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की नीयत से धारदार कटर से उसकी गर्दन और दाढ़ी के नीचे वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।फरियादी की रिपोर्ट पर गोपालगंज थाने में अपराध क्रमांक 497/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

सागर। कलेक्टर द्वारा जिले में निर्वाचन साक्षरता क्लब के पंजीयन एवं ऑनलाइन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार शैक्षणिक संस्थानों में ईएलसी के पंजीयन एवं ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर के प्राचार्य को महाविद्यालयों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी सागर को विद्यालयों में ईएलसी पंजीयन एवं संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्त नोडल अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में निर्वाचन साक्षरता क्लबों के पंजीयन के लिए शैक्षणिक संस्थानों को प्रोत्साहित करेंगे। साथ ही, ईएलसी के संबंध में व्यापक जानकारी एवं जागरूकता के लिए आवश्यक संचार सामग्री तैयार कर जारी करेंगे। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर पंजीयन, ऑनलाइन प्रक्रिया एवं संबंधित गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। नोडल अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे।

राष्ट्रीय युवा उत्सव 2027: जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 19 अक्टूबर से

सागर। राष्ट्रीय युवा उत्सव 2027 के अंतर्गत जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं 19 से 31 अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष उत्सव का उद्देश्य 'युवा शक्ति से जन भागीदारी' रखा गया है। प्रतियोगिताओं की थीम 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' होगी। उत्सव में समूह लोकनृत्य, समूह लोकगायन, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित पांच विधाओं में युवा अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करेंगे। जिला स्तर के विजेता संभाग स्तर पर भाग लेंगे, जहां आयोजन 26 से 29 नवंबर 2026 तक होगा। राज्य स्तरीय आयोजन की तिथि बाद में घोषित की जाएगी। निर्देशानुसार प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक विधा में भाग ले सकेगा तथा गत वर्ष सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल हो चुके युवा इस वर्ष प्रतिभागिता नहीं कर सकेंगे। जिला स्तर के विजेताओं का माय भारत पर पंजीयन अनिवार्य होगा। पंजीयन नहीं होने पर प्रतिभागियों को आगे भाग लेने का अवसर नहीं मिलेगा। आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की जाएगी। पांचों विधाओं के विशेषज्ञ निर्णायक नियुक्त होंगे और उनके निर्णय के आधार पर विजेताओं का चयन किया जाएगा।

फरवरी 2027 से शुरू होगी जनसंख्या गणना, जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

सीएमएमएस पोर्टल के जरिए होगी निगरानी, गणना ब्लॉक गठन से लेकर प्रगणकों की नियुक्ति तक समझाई प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के तहत फरवरी 2027 से प्रस्तावित जनसंख्या गणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रतिभा पाल के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण में अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, जिम्मेदारियों तथा जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (सीएमएमएस) पोर्टल के उपयोग की जानकारी दी गई।

जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर एवं सहायक निदेशक अनामिका जैन और पवन मिश्रा ने चार्ज अधिकारियों, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों और तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षण दिया। इसमें जिला जनगणना अधिकारी, ग्रामीण क्षेत्र के चार्ज अधिकारी, जनगणना लिपिक और तकनीकी सहायक शामिल हुए।

प्रशिक्षण में बताया गया कि मकान सूचीकरण चरण में तैयार किए गए जनगणना



ब्लॉकों को सामान्यतः जनसंख्या गणना में भी मान्य किया जाएगा। किसी ब्लॉक की आबादी 800 से अधिक होने पर उसकी बाहरी सीमा बरकरार रखते हुए उसे दो या अधिक उप-ब्लॉकों में विभाजित किया जा सकेगा। छूटे हुए क्षेत्रों को निकटतम उप-ब्लॉक में शामिल करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। स्पष्ट किया गया कि दो या अधिक ब्लॉकों को मिलाकर नया ब्लॉक नहीं बनाया जा सकेगा।

पोर्टल पर होगा नियुक्ति और प्रशिक्षण का प्रबंधन

सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से पर्यवेक्षकों और गणना ब्लॉकों का आवंटन, नियुक्ति एवं पहचान पत्र तैयार करने, आरक्षित कर्मचारियों के प्रबंधन तथा प्रशिक्षण बैच बनाने की प्रक्रिया समझाई गई। गणना ब्लॉकों में परिवारों का आवंटन पूरा होने के बाद उन्हें फ्रीज करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों को गणना ब्लॉक के नक्शे, मकान सूची और अन्य जरूरी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

पूछे जाएंगे 40 प्रश्न

प्रशिक्षण में बताया गया कि आगामी जनसंख्या गणना में नागरिकों से 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। इनमें आयु, वैवाहिक एवं पारिवारिक स्थिति, राष्ट्रीयता, सामाजिक और आर्थिक स्थिति, शिक्षा, प्रवास तथा प्रजनन सहित विभिन्न विषय शामिल होंगे। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़ों की गोपनीयता सुनिश्चित की जाती है और उन्हें किसी प्रकरण या न्यायालय में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य में लगे अमले को निर्धारित प्रक्रियाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं से अवगत कराना है, ताकि फरवरी 2027 से प्रस्तावित जनसंख्या गणना का कार्य व्यवस्थित एवं समय-सीमा में पूरा किया जा सके।



खेड़ावाल गुजराती समाज के पारंपरिक गरबा उत्सव से शारदेय नवरात्रि का शुभारंभ

सागर। चकराघाट स्थित श्री मल्ली माता मंदिर में खेड़ावाल गुजराती समाज द्वारा शारदेय नवरात्रि गरबा महोत्सव का श्रद्धा एवं उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ। मां अम्बे की आराधना के साथ गुजराती समाज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप पारंपरिक गरबों की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। 'मां नो गरबो घूमतो जाय...' जैसे भक्तिमय गरबा गीतों पर समाज की महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री मल्ली माता मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस उत्सव में देवी उपासना, भक्ति और सामूहिक गरबा नृत्य के माध्यम से गुजराती संस्कृति एवं सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली।

खुरई में चेन स्नेचिंग का खुलासा, दो विधि विवादित बालक अभिरक्षा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई शहर पुलिस ने चेन स्नेचिंग की घटना का खुलासा करते हुए दो विधि विवादित बालकों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और सोने के मंगलसूत्र का पेंडल बरामद किया है। बरामद मशरूका की कुल कीमत करीब 1.20 लाख रुपए बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, नरेंद्र सोलंकी और एसडीओपी खुरई काजल सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

मंदिर के पीछे छीना था मंगलसूत्र

24 सितंबर 2026 को आवास कॉलोनी निवासी ममता विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि महाकाली मंदिर के पीछे मोटरसाइकिल से आए दो अज्ञात आरोपियों ने उनके गले से मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गए। पुलिस ने अपराध क्रमांक 291/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह दांगी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना और पूछताछ के आधार पर दोनों बालकों को अभिरक्षा में लेकर घटना का खुलासा किया।

कार्रवाई में उप निरीक्षक अशोक उपाध्याय, संतोष सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक जोगेंद्र सिंह, मुन्नालाल, राजेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



सनातन हिन्दू एकता रथ यात्रा का होगा भव्य स्वागत : अभिषेक भार्गव

गढ़ाकोटा। सनातन हिन्दू एकता रथ यात्रा एवं गौ सम्मान आव्हान अभियान की तैयारियों को लेकर शनिवार को बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में अभिषेक भार्गव ने कहा कि जब भी कोई धार्मिक आयोजन होता है तो लोगों में श्रध्दा और विश्वास और भी बढ़ता है संत महात्मा हम सब के बीच में धार्मिक आयोजन करते है। जिससे सनातन एकता बनी रहे धर्म का लाभ सभी को मिलता रहे इसी कड़ी में 13 अक्टूबर को सनातन सद्भावना एकता रथ यात्रा के अंतर्गत महराज धीरेन्द्र शास्त्री महराज का गढ़ाकोटा आगमन हो रहा है। आगमन की तैयारियों को लेकर आज गढ़ाकोटा के नटराज ऑडिटोरियम में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भार्गव ने कहा कि भव्य स्वागत हो जगह-जगह स्वागत द्वार बनाये जायेंगे हम सभी धर्मप्रेमी बन्धु इस धार्मिक रथ यात्रा में बढ़-चढ़ कर भाग ले। गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत गौ माता के सम्मान संरक्षण एवं संवर्धन के प्रतिजनजागरण करने पर विचार विमर्श किया गया। यात्रा की सभी व्यवस्था व्यवस्थित हो इस पर भी चर्चा हुई।

स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा: कलेक्टर प्रतिभा पाल ने प्रगति लाने के दिए निर्देश

सागर। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना की समीक्षा की। बैठक में जिले के समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्वामित्व योजना से जुड़े आवश्यक ऑनलाइन ऐप और संपूर्ण प्रक्रिया का पुनः विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, ताकि धरातल पर काम में और तेजी लाई जा सके। कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए हैं कि राजस्व और ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मैदान में उतरकर काम में जुटे। उन्होंने कहा कि पटवारियों के साथ-साथ पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक भी प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करें। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मैदानी स्तर पर काम की स्पष्ट प्रगति दिखाई देनी चाहिए।राजस्व और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त टीमों को मैदानी स्तर पर काम में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि दैनिक रूप से स्वामित्व योजना में प्रगति दिखे सभी अपने सौंप गए दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता के साथ करें।

देवरी में जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार पांच फरार, 4.35 लाख की सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

देवरी पुलिस ने टिकरिया तिगड्डा स्थित दुर्गा प्रतिमा स्थल के पीछे जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि पांच अन्य मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 5,610 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते, तीन मोबाइल फोन और पांच दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 4,35,610 रुपए बताई गई है। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम को मुखबिर से जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी।

पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में मौके पर दबिश दी और तीन आरोपियों को पकड़ लिया।

ये आरोपी हुए गिरफ्तार

पुलिस ने कपिल चौरसिया निवासी सुभाष वार्ड, मधुर रावत निवासी शास्त्री वार्ड और अनिल उर्फ अन्ना कोष्टी निवासी खंडेराव वार्ड, देवरी को गिरफ्तार किया है। जब्त मोबाइल फोन में एक आईफोन, एक वीवो और एक वनप्लस मोबाइल शामिल हैं। इसके अलावा एक स्कूटी और चार मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं।

पांच फरार आरोपियों की तलाश

पुलिस के अनुसार, मौके से फरार व्यक्तियों की पहचान अक्कू यादव, गोलू उर्फ बाबूलाल लोधी, विक्रम रजक, आशु चौरसिया और समीर खान के रूप में हुई है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। कार्रवाई में देवरी थाना पुलिस की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जी की 5150 वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई

गढ़ाकोटा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जी की 5150वीं जयंती का आयोजन अग्रवाल समाज, गढ़ाकोटा द्वारा बड़ी ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया।जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बंदनवार बनाओ, प्रतियोगिता, कलश सजाओ प्रतियोगिता, आनंद मेला, प्रश्न मंच एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। समाज की महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष श्रीमती संगीता मनोज तिवारी ने कार्यक्रम में सहभागिता करने वाली सभी माताओं बहनों और बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर शुभकामनाएं प्रदान की।जयंती के मुख्य दिन अग्रवाल समाज के मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य, भाषण, भजन-गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में महा आरती कर श्री अग्रसेन महाराज जी की आरती की गई। तथा सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया।



राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंजी अहिरवार ने जीते दो स्वर्ण पदक



सागर। ग्रेटमैन इंटरनेशनल स्कूल, सागर की प्रतिभाशाली एथलीट अंजी अहिरवार ने शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में दो स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और सागर जिले का नाम रोशन किया और राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया जो अक्टूबर माह में शिवपुरी स्थित माधवराव खेल स्टेडियम में आयोजित की जाएगी है। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अंजी अहिरवार की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, खेल विभाग के शिक्षकों एवं समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंजी की सफलता अन्य विद्यार्थियों एवं उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है।



गवेषणा संवादः मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

सागर। गवेषणा मानवोत्थान पर्यावरण तथा स्वास्थ्य जागरूकता समिति सागर द्वारा अपनी संवाद श्रृंखला को आगे बढ़ते हुए मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर संवाद का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर एस आर यादव एवं अमित कुमार मकोरिया सागर विश्वविद्यालय से उपस्थित रहे संवाद के माध्यम से मुख्यवक्ता द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के साथ सामान्य मानसिक विकारों पर चर्चा की गई साथ ही हम मानसिक रूप से किस तरह बेहतर हो सकते है इसके लिए विभिन्न लक्षणों के साथ थेरेपी सुझावों बताया गया । आयोजन में गवेषणा संस्था से अध्यक्ष डॉ मनोहर चौरसिया, इंजी. पुरुषोत्तम चौरसिया, इंजी सारांश गौतम, डॉ. त्रिपुरारी उपाध्याय, डॉ. अमरमणि, अरुणा चौरसिया, डॉ. सरिता चौरसिया, डॉ. चंदन, शिव यादव, डॉ शिव कुमार चौरसिया, बाबू लाल रजक, डॉ तरुण, ऋषि रजक, लोकेश अहिरवार, विकास चौरसिया, हेमंत पटेल जिज्ञासा लाइब्रेरी से छात्र छात्राओं रिया जैन गौरी पटेल तरुण पाल योगेश पटेल पुष्णजलि , रोहित, मुस्कान , ओम, रश्मि, अन्य लोग शामिल रहे।

100 दिवस से लंबित प्रकरणों पर कार्रवाई, लंबित पत्रों में एक्शन टेकन रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने समय-सीमा बैठक में की समीक्षा : जनविश्वास अभियान के पहले शिकायतों का हो संतुष्टिपूर्वक और समयबद्ध निवारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

समय-सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले के विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शिकायतों के निवारण की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनविश्वास अभियान शिविरों की तिथियों से पहले सभी लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि आगामी अगले कैंप से पहले शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व, स्वास्थ्य, मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, नागरिक आपूर्ति तथा अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सहकारिता आदि विभागों के अंतर्गत लंबित शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा की।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा लाडली बहना योजना के 100% प्रकरणों में



अगले तीन दिनों के भीतर ई केबाइसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार भू-अर्जन से संबंधित 100 दिनों से लंबित शिकायतों की प्रकरणवार समीक्षा की गई। लापरवाही पर डब्ल्यूआरडी के संबंधित एसडीओ को नोटिस जारी करने तथा मालथोन, बंडा, बीना , खुरई, सागर आदि के भू-अर्जन प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य से संबंधित लंबित प्रकरणों में लगातार उच्च स्तर से फॉलो-अप लेने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि मांग आधारित शिकायतों को केवल मांग दर्शाकर बंद न करें, बल्कि उनके साथ एक नियमानुसार और स्पष्ट प्रतिवेदन भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। विभिन्न आयोगों से प्राप्त विगत तीन महीने से लंबित पत्रों तथा प्रकरणों पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए गए कि सभी मामलों में एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड कर प्रकरणों को बंद कराएं।

अनापत्ति प्रमाण-पत्र व सहमति के कारण लंबित विकास परियोजनाओं के कार्यों को बिना किसी देरी के जल्द से जल्द अंतिम रूप देकर पूर्ण कराने के कड़े निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट शैलेश द्विवेदी, समस्त एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

लोकतंत्र की आवाज को दबाने का षड्यंत्रः कमलेश तिवारी

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलेश तिवारी ने जारी प्रेस बयान में कहा कि सरकार पूरी दिल्ली को जेल बना बैठे हैं। केंद्र सरकार ने लोकतंत्र के प्रतीक जंतर-मंतर को धरना-प्रदर्शन स्थल की सूची से हटा दिया है। इसके बदले अब आंदोलनों को रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान में धकेल दिया गया है। कमलेश तिवारी ने कहा कि यह लोकतंत्र की आवाज को दबाने का षड्यंत्र है। सरकार वोट चोरी पर पर्दा डालने के लिए जगह बदल रही है। कमलेश तिवारी ने कहा कि भाजपा को स्पष्ट सुझाव है - जगह बदलने से सच नहीं बदलेगा, ज्ञानेश कुमार को बदलो और देश को बताओ कि बिना लाठी-डंडे और रोक-टोक के आम आदमी कहां आंदोलन कर सकता है?

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में प्रदेश के पांच उत्कृष्ट जिलों में टीकमगढ़ शामिल

कृषि विकास में राष्ट्रीय स्तर पर चमका जिला दिल्ली में कलेक्टर श्रोत्रिय हुए सम्मानित

गेहूं उत्पादन से ग्रामीण आजीविका संवर्धन तक दर्ज की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शासकीय योजनाओं को कागजों से निकालकर धरातल पर उतारने और उनके माध्यम से किसानों एवं ग्रामीण हितग्राहियों को लाभान्वित करने की दिशा में किए गए प्रयासों का टीकमगढ़ जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मध्यप्रदेश के पांच जिलों में टीकमगढ़ को शामिल किया गया है। जिले में कृषि विकास, फसल उत्पादन में वृद्धि, जल संरक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, मत्स्य पालन, सहकारिता के डिजिटलीकरण और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के लिए किए गए कार्यों के आधार पर यह उपलब्धि हासिल हुई है। इस उपलब्धि के लिए सोमवार, 12 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को सम्मानित किया गया। जिले की इस सफलता में कृषि उपसंचालक मनोज कश्यप सहित कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों और मैदानी अमले के समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नई दिल्ली स्थित एनएएससी कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित संबंधित मंत्रालयों के केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। योजना के अंतर्गत निर्धारित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों तथा डैशबोर्ड पर दर्ज प्रगति के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मध्यप्रदेश के पांच जिलों का चयन किया गया। इनमें उमरिया, टीकमगढ़, सीधी, शहडोल और डिंडौरी शामिल हैं।







गेहूं उत्पादन में 80 हजार मीट्रिक टन की वृद्धि

गेहूं उत्पादन में 80 हजार मीट्रिक टन की वृद्धि जिले में कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में दर्ज प्रगति इस उपलब्धि का एक महत्वपूर्ण आधार है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023-24 में जिले में गेहूं का उत्पादन 6.12 लाख मीट्रिक टन था, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 6.92 लाख मीट्रिक टन हो गया। इस प्रकार गेहूं उत्पादन में लगभग 80 हजार मीट्रिक टन की वृद्धि दर्ज की गई। इसी अवधि में गेहूं का बोवनी क्षेत्र भी 2.08 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 2.22 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया। खरीफ फसलों के अंतर्गत 2,30,810 हेक्टेयर क्षेत्र में बोवनी दर्ज की गई, जबकि लक्ष्य 2,30,800 हेक्टेयर निर्धारित था। इसके अतिरिक्त उड़द के रकबे में 16.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। ये आंकड़े जिले में कृषि गतिविधियों के विस्तार और फसल उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं।

फसल कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत कृषि क्षेत्र में समेकित विकास के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ फसल कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाने के क्षेत्र में टीकमगढ़ के प्रदर्शन को विशेष रूप से उल्लेखनीय माना गया है। कृषि उपज के बेहतर प्रबंधन और भंडारण की व्यवस्था मजबूत होने से किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने तथा उपज के बेहतर मूल्य प्राप्त करने के अवसर मिल सकते हैं।

जल संरक्षण में 134 नए जल संग्रहण ढांचों का निर्माण

कृषि विकास के साथ जल संसाधनों का संरक्षण भी जिले की प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 134 नए जल संग्रहण ढांचों का निर्माण शत-प्रतिशत पूरा किया गया है। वहीं, वाटरशेड घटक के अंतर्गत 7,392 हेक्टेयर क्षेत्र में जल एवं मृदा संरक्षण से संबंधित कार्य किए गए हैं। कृषि प्रधान जिले में जल संरक्षण के इन प्रयासों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि खेती की उत्पादकता बनाए रखने के लिए जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन आवश्यक है। वर्षा जल के संग्रहण और संरक्षण संबंधी कार्यों से कृषि क्षेत्र को दीर्घकालिक लाभ मिलने की संभावनाएं मजबूत होती हैं। खेती की लागत कम करने, मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने और पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयास भी किए गए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, जिले में 5,225 किसान 2,090 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं, जबकि 1,983 किसान जैविक खेती से जुड़े हुए हैं। किसानों को वैकल्पिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने की यह पहल कृषि के टिकाऊ विकास की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

मत्स्य पालन और सहकारिता के क्षेत्र में भी उपलब्धि

कृषि के साथ-साथ आय के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देने के मामले में भी टीकमगढ़ जिले ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक प्रगति दर्ज की है। मत्स्य पालन के क्षेत्र में 461 इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके मुकाबले 529 इकाइयां दर्ज की गईं। इससे स्पष्ट होता है कि जिले में मत्स्य पालन गतिविधियों के विस्तार की दिशा में भी प्रयास किए गए हैं। सहकारिता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जिले की सभी 64 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) का कंप्यूटरीकरण पूरा कर लिया गया है। सहकारी समितियों में डिजिटल व्यवस्था विकसित होने से कामकाज को अधिक व्यवस्थित बनाने तथा किसानों को संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है। इसी प्रकार महिला किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीओ) के माध्यम से 1,200 से अधिक महिलाओं को जोड़कर उनकी आजीविका और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के प्रयास किए गए हैं।

पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने किया जिले का प्रतिनिधित्व

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के एक वर्ष पूर्ण होने पर नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में जिले से पांच प्रतिनिधियों को शामिल होने के लिए कहा गया था। इनमें कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, योजना की नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा, कृषि वैज्ञानिक डॉ. बी.एस. किरार, उपसंचालक कृषि मनोज कश्यप और प्रगतिशील कृषक बालचंद्र अहिरवार शामिल रहे। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का प्रमुख उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना, किसानों की आय बढ़ाना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना और ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को सशक्त बनाना है। योजना के निर्धारित मानकों के अनुरूप जिले में कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर दिया गया।

कांग्रेस सांसद के बयान के विरोध में फूंका पुतला

पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक में संगठन मजबूती पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला प्रभारी कविता सोनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान पूर्व विधायक टीकमगढ़ राकेश गिरी गोस्वामी ने बैठक को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की मजबूती और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने और जनसंपर्क के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने की बात कही। उन्होंने पिछड़ा वर्ग के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और संगठन की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने पर बल दिया। बैठक के उपरांत गिरी पैलेस होटल में जिला प्रभारी कविता सोनी सहित उनके साथ आईं ग्वालियर की मंडल उपाध्यक्ष शकुंतला तोमर, दिनेश सिंह तोमर और बालेंद्र शुक्ल का शॉल, श्रीफल एवं भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने



अतिथियों का स्वागत किया।

इसी क्रम में भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की संस्थापक सदस्य राजमाता विजया राजे सिंधिया की जन्म जयंती भी मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पार्टी के लिए उनके योगदान को याद किया गया। वहीं, भाजपा कार्यालय के समीप महिला मोर्चा जिला टीकमगढ़ के नेतृत्व में कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम के महिलाओं के संबंध में कथित अपमानजनक बयान के विरोध में प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सांसद के बयान पर नाराजगी जताते हुए पुतला दहन किया और नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा से जुड़े मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरप्रसाद कुशवाहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम अग्रवाल, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संकल्प जैन, युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी, महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने मनाया 48वां स्थापना दिवस

संगठन में शक्ति, एकजुट रहकर ही पा सकते हैं सफलता: विवेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला टीकमगढ़ द्वारा संगठन का 48वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों की एकजुटता, राष्ट्रसेवा, सामाजिक दायित्वों और संगठन के विस्तार पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी रहे। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष नीरज बिदुआ, जिला महामंत्री कमलेश गंगेले, मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज अवस्थी, भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष लखन राजपूत, मध्य भारत ग्रामीण बैंक पेंशनर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीके वाजपेई तथा भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष इंद्र विक्रम सिंह सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले, तहसील एवं विकासखंड स्तर के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत में मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश



त्रिपाठी ने संगठन की स्थापना, कार्यप्रणाली और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी ने 6 अक्टूबर 1978 को भोपाल में मप्र राज्य कर्मचारी संघ की स्थापना की थी। संगठन की स्थापना का उद्देश्य राष्ट्रभक्त कर्मचारियों को एक मंच पर जोड़कर देश और समाज की सेवा के लिए प्रेरित करना तथा अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों का ऐसा संगठन तैयार करना था, जो राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सके।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ आज प्रदेश में कर्मचारियों का एक बड़ा संगठन बन चुका है। संगठन से दो लाख से अधिक सदस्य जुड़े होने की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इसमें 56 विभागों के चतुर्थ श्रेणी, तृतीय श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी के कर्मचारी शामिल हैं। संगठन की गतिविधियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए वेबसाइट की व्यवस्था भी की गई है, जिसके माध्यम से कर्मचारी ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। उन्होंने संगठन के ध्येय वाक्य 'देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम' का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन राष्ट्रहित के साथ कर्मचारियों के अधिकारों और दायित्वों के प्रति भी प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एकजुट रहकर देश और समाज की सेवा करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए और कर्मचारियों को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल अपनी मांगों को पूरा कराना नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना भी होना चाहिए। कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए संगठित प्रयासों को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि संगठन में शक्ति होती है और एकजुटता के बल पर शासन के समक्ष अपनी बात प्रभावी ढंग से रखी जा सकती है। विवेक चतुर्वेदी ने संगठन को जिला मुख्यालय तक सीमित रखने के बजाय ग्राम स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की सहभागिता से संगठन की ताकत बढ़ती है और कर्मचारियों की समस्याओं को बेहतर ढंग से उठाया जा सकता है। इसके लिए पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक गतिविधियों का विस्तार करने की दिशा में काम करना चाहिए।

कृषि उपज मंडी रोड पर स्थित मकान में हुआ हादसा

ई-बाइक की बैटरी बनी आग का गोला, धुएं से मची अफरा-तफरी, दमकल ने आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कृषि उपज मंडी रोड पर एक मकान में खड़ी इलेक्ट्रिक बाइक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बैटरी से शुरू हुई आग ने देखते ही देखते पूरी ई-बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन जलकर खाक हो गया। आग के कारण मकान में धुएं का गुबार भर गया, जिससे परिवार के सदस्यों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिवार ने तत्काल सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकालकर छत पर पहुंचाया और पुलिस की डायल 112 सेवा तथा दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग मकान के अन्य हिस्सों तक नहीं फैली और किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार, कृषि उपज मंडी रोड निवासी अनुज चतुर्वेदी के घर में ओडिसी कंपनी की ई-बाइक खड़ी थी। बताया गया है कि रात के समय ई-बाइक की बैटरी चार्ज की गई थी। इसके बाद सुबह अनुज किसी काम से घर से बाहर चले गए। कुछ समय बाद घर में खड़ी ई-बाइक से



अचानक धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते धुआं पूरे मकान में फैल गया, जिससे घर के अंदर मौजूद लोगों में घबराहट फैल गई। स्थिति बिगड़ती देख परिवार के सदस्यों ने बिना देर किए सुरक्षित स्थान पर पहुंचना उचित समझा और सभी को छत पर ले गए। मकान में तेजी से फैलते धुएं और ई-बाइक में लगी आग को देखते हुए परिजनों ने तत्काल मदद के लिए डायल 112 और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। हालांकि, तब तक ई-बाइक पूरी तरह जल चुकी थी।

राहत की बात यह रही कि आग मकान के दूसरे हिस्सों तक नहीं पहुंची, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ई-बाइक के मालिक ने बताया कि उन्होंने करीब चार साल पहले ओडिसी कंपनी की इलेक्ट्रिक बाइक खरीदी थी। रात में उसकी बैटरी चार्ज की गई थी और सुबह वाहन घर में ही खड़ा था। कुछ समय बाद अचानक बाइक से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते धुआं पूरे मकान में फैल गया। इसके बाद तत्काल मदद मांगी गई। आग लगने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस घटना ने घरों में इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी चार्जिंग के दौरान सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की आवश्यकता को फिर सामने ला दिया है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी या चार्जिंग व्यवस्था में खराबी होने पर आग लगने का जोखिम हो सकता है। ऐसे में वाहन निर्माता के निर्देशों के अनुसार ही बैटरी चार्ज करना, क्षतिग्रस्त चार्जर या केबल का इस्तेमाल नहीं करना तथा चार्जिंग के दौरान सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतना जरूरी है।

एसपी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हिंदूवादी संगठन, एसपी ने किया लाइन हाजिर

एसआई ने दुर्गा पंडाल कमेटी से की अभद्रता, भड़का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर के कटरा बाजार में नवदुर्गा पंडाल लगाने के दौरान पुलिस और दुर्गा समिति के सदस्यों के बीच हुए विवाद ने रविवार को तूल पकड़ लिया। कोतवाली में पदस्थ एसआई राजवीर यादव पर नवदुर्गा समिति के सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगने के बाद शहर में आक्रोश का माहौल बन गया। घटना से जुड़े वीडियो वायरल होने के बाद मामला और गरमा गया। विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक दुर्गा पंडालों के पट नहीं खोले जाएंगे। बढ़ते विरोध और वायरल वीडियो के बीच पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने मामले का संज्ञान लेते हुए एसआई राजवीर यादव को कोतवाली थाने से हटाकर लाइन हाजिर कर दिया। साथ ही, प्रदर्शनकारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन के आधार पर मामले की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात शहर के कटरा बाजार में नवदुर्गा पंडाल लगाने का काम चल रहा था। इसी दौरान कोतवाली में



पदस्थ एसआई राजवीर यादव और नवदुर्गा समिति के सदस्यों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि इस दौरान एसआई ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना के बाद समिति के सदस्यों में नाराजगी फैल गई। देखते ही देखते मामला धार्मिक आयोजन से जुड़ा होने के कारण चर्चा का विषय बन गया।

घटना के वीडियो सामने आने और सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विरोध के स्वर और तेज हो गए। घटना से नाराज विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित एसआई के व्यवहार पर आपत्ति जताते हुए पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि धार्मिक आयोजन की तैयारियों के दौरान समिति के सदस्यों के साथ कथित अभद्रता के मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। नवदुर्गा समिति के सदस्यों ने भी स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि जब तक संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक दुर्गा पंडालों के पट नहीं खोले जाएंगे। इस चेतावनी के बाद नवरात्र के दौरान धार्मिक आयोजनों पर असर पड़ने की आशंका भी सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

मामले को लेकर बढ़ते आक्रोश के बीच पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने तत्काल संज्ञान लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने प्रदर्शनकारियों को बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआई राजवीर यादव को कोतवाली थाने से हटाकर लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसके साथ ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के आधार पर प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसआई को लाइन हाजिर किए जाने की कार्रवाई के बाद भी मामले में जांच और आगे की कार्रवाई को लेकर संगठन अपनी मांगों पर जोर देते रहे। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग संबंधित पुलिसकर्मी के कथित व्यवहार की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करना रही। एसआई राजवीर यादव को लेकर इस घटना के बाद विवाद और गहरा गया है। स्थानीय स्तर पर उनके व्यवहार को लेकर पहले भी सवाल उठने की बातें कही जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर हुए प्रदर्शन में बजरंग दल एवं हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मामले में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग उठाई।

मानवाधिकार संरक्षण सुशासन, विकास का आधार डॉ. अवधेश

टीकमगढ़। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि मानवाधिकारों का संरक्षण सुशासन और समग्र विकास का आधार है। आम नागरिकों को समय पर न्याय, आवश्यक सहायता और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को संवेदनशीलता, सतर्कता और तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए। सोमवार को टीकमगढ़ प्रवास के दौरान डॉ. सिंह ने कुंडेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं अभिषेक किया। इसके बाद सर्किट हाउस में जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जनहित और मानवाधिकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आयोग अध्यक्ष ने विशेष रूप से उन मामलों पर ध्यान देने के निर्देश दिए, जिनमें किसी घटना के बाद मृतक के परिजनों को शासन की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जानी है। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को सहायता राशि प्राप्त करने के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। ऐसे मामलों में आवश्यक प्रक्रिया समय पर पूरी करते हुए सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला स्तर पर इन प्रकरणों की निरंतर समीक्षा की जाए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की सहायता से वंचित न रहे। डॉ. सिंह ने पेयजल, शराब अथवा अन्य कारणों से उत्पन्न होने वाली संभावित घटनाओं की रोकथाम को लेकर संबंधित विभागों को सजग रहने के निर्देश दिए।

कार्यालय प्राचार्य शासकीय वी.अ. बाई लोधी कन्या महाविद्यालय टीकमगढ़ (म.प्र.)

//निविदा आमंत्रण सूचना//

अनुसूचित जाति एवं जनजाति संवर्ग सत्र 2026-27 के विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क स्टेशनरी प्रदाय योजनान्तर्गत 500/- रुपए प्रति छात्र की दर से स्टेशनरी क्रय हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. की बेवसाइड https://highereducation.mp.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा की अंतिम तिथि बेवसाइड पर प्रकाशन से 15 दिवस होगी ।

प्राचार्य

लोड शेडिंग के नाम पर अघोषित बिजली कटौती बंद करने सौंपे ज्ञापन

बिजली समस्या को लेकर कांग्रेस ने घेरा जीएम कार्यालय, धरना देकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

लोड शेडिंग के नाम पर हो रही बिजली कटौती से जिले के किसानों का गुस्सा बढता जा रहा है। बढती बिजली समस्या को लेकर सोमवार को किसान कांग्रेस ने सोमवार को बिजली कंपनी के महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर धरना दिया और नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करने के बाद महाप्रबंधक को ज्ञापन सौपा गया। वहीं किसान नेता मुकेश हिरनीखेड़ा ने भी किसानो के साथ बिजली घर का घेराव करते हुए बिजली समस्या के निदान किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा।

बिजली कंपनी के महाप्रबंधक को किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा बताया कि रात के समय बार-बार बिजली कटौती होने से किसानों की खेतों में सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों को पूरी रात जागकर बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है। पहले से ही खाद, बीज, सिंचाई और बढ़ती कृषि लागत से परेशान किसानों को बिजली विभाग की इन समस्याओं के कारण अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डीटीआर हटाए जाने से बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है। वहीं, कृषि पंप कनेक्शनों पर एचपी बढ़ाए जाने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इस दौरान एक ज्ञापन सौपा जिसमें लोड शेडिंग के नाम पर रात में होने वाली अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने, किसानों को सिंचाई के लिए नियमित एवं निर्धारित समयानुसार पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाने। ग्रामीण क्षेत्रों में डीटीआर हटाने की कार्रवाई बंद की जाए तथा हटाए गए डीटीआर को पुनः स्थापित किया जाए। कृषि पंप कनेक्शनों पर बढ़ाई गई एचपी की जांच कर गलत या अनावश्यक वृद्धि को संशोधित किया जाए। बिजली संबंधी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।



शहरवासी भी अघोषित बिजली कटौती से परेशान

भले ही बिजली की समस्या को लेकर परेशान किसानों ने ज्ञापन दिया गया हो जो खेती और ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू बिजली की परेशानी से त्रस्त हैं पर शहरी क्षेत्र में भी बिजली की कोई अच्छी सुविधा नहीं मिल रही है यहां भी लोड शेडिंग के नाम पर आए दिन बिजली कटौती होती है 3 घंटे का कटौती परमिट लिया जाता है और 5-5 घंटे तक बिजली गुल बनी रहती है। बिजली नहीं आने से शहर में कारोबार ठप पड़ जाता है। खासकर उन लोगों का जिनके व्यवसाय मशीनों से चलते हैं ऐसे लोग बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं



उधर किसानों ने सौपा सीएम के नाम ज्ञापन

कांग्रेस के अलावा भी किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिजली कंपनी के महाप्रबंधक को ज्ञापन सोपा। किसान नेता मुकेश हिरनीखेड़ा के नेतृत्व में सौपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि किसानों को कृषि कार्य हेतु निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पर्याप्त एवं नियमित बिजली उपलब्ध कराई जाए ग्रामीण क्षेत्रों में लोड शेडिंग के नाम बिजली कटौती पर रोक लगाई जाए। कम वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान किया जाये, जले हुए एवं खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय-सीमा में बदला जाए बिजली के जर्जर तारों, खंभों एवं अन्य खराब उपकरणों की मरम्मत करवाई जाए। किसानों के बिजली कनेक्शन, बिलों में बड़े स्तर पर एचपी बढ़ाये गए हैं जिसके कारण क्षेत्र के किसानों बढ़कर बिल की राशि आ रही है उनकी जांच करवाकर शीघ्र एचपी कम करवाया जावे एवं किसानों को कनेक्शन के नाम पर लोगों मनचाही राशि वसूली की जाती हैं उसको तुरंत बंद किया जाये। जिले में किसानो पर बिद्युत चोरी के झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं उनको तुरंत बंद किए जाय। हटाए गए आउटसोर्स कर्मचारियों को दोबारा लगाया जाये। ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था की समीक्षा कर सुधार के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए।

दोषियों का पता जल्द लगाकर पुलिस सख्त कार्रवाई करे

खुशनिहाल की मौत को लेकर भीम आर्मी ने घेरा एसपी ऑफिस, कार्रवाई न होने पर आंदोलन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बीएससी के छात्र खुश निहाल जाटव की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच हुई मौत के मामले को लेकर सोमवार को भीमआर्मी भारत एकता मिशन की श्योपुर जिला इकाई ने मृतक के परिजनों के साथ एसपी कार्यालय का घेराव किया और एएसपी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि खुश निहाल की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या है। जिसने भी इस हत्या को अंजाम दिया है,पुलिस उनका जल्द पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। ज्ञापन सौपने के दौरान भीम आर्मी एकता मिशन ने इस मामले में कार्रवाई जल्द न किए जाने पर आंदोलन का अल्टीमेटम भी दिया है।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन की श्योपुर जिला इकाई ने सोमवार को एसपी कार्यालय का घेराव किए जाने के बाद सौपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि खुश निहाल की मौत आत्महत्या नहीं होकर हत्या है। जिसे एक साजिश के तहत अंजाम दिया गया है। लेकिन इस मामले में पुलिस के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसको लेकर परिजन दुखी और परेशान बने हुए है। भीम आर्मी का आरोप है कि पुलिस ने परिजनो की सहमति के बिना ही शव को जबरदस्ती पीएम हाउस में रखवा दिया गया और परिजनों को पुलिस गुमराह करते हुए कोतवाली थाने ले गई। ज्ञापन में इस मामले की सीबीआई से जांच कराए जाने, दोषियों का पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, पीडित परिवार को मुआवजा दिलवाए जाने, आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरो की रिकॉर्डिंग, कॉल डिटेल को सार्वजनिक किए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई है। ज्ञापन सौपने के दौरान भीम आर्मी एकता मिशन के जिलाध्यक्ष लाखन सिंह मौर्य सहित बडी संख्या में मिशन के कार्यकर्ता और परिजन तथा समाज के लोग मौजूद थे।



मृतक के परिजनों से नहीं मिले एसपी, भीम आर्मी बोली आठ दिन बाद फिर करेंगे धरना प्रदर्शन

ज्ञापन सौपने के बाद मृतक के परिजन एसपी को अपनी पीडा बताने के लिए उनसे मिलने के लिए एसपी कार्यालय गेट पर ही बैठ गए। एसपी से मिलने के लिए काफी देर तक कार्यालय गेट पर बैठी मृतक परिवार की महिलाओ ने रोते हुए बताया है कि हमारा खुश निहाल आत्महत्या नहीं कर सकता। यदि उसे आत्महत्या करनी होती तो इंदौर में ही कर लेता,उसे मोरडुंगरी नदी किनारे झाडियो में जाने की जरूरत क्यों पडी। उसकी हत्या करके उसे फांसी पर लटकाया गया है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष लाखन सिंह मौर्य ने बताया कि मृतक के परिजन काफी देर तक एसपी कार्यालय गेट पर बैठे रहे,लेकिन इसके बाद भी एसपी उनसे मिले नहीं। इस पर लाखन सिंह मौर्य ने चेतावनी देते हुए कहा कि आठ दिन में इस मामले का खुलासा न होने पर एक बार फिर से एसपी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इनका कहना..

इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस जांच कर रही है। जांच के दौरान जो स्थिति सामने आएगी, उसके मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच के दौरान हत्या करने की स्थिति सामने आएगी तो हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

प्रवीण कुमार भूरिया
एएसपी,श्योपुर

विद्यार्थी परिषद ने जताई खुशी, कहा छात्र हित में किए संघर्ष की बड़ी जीत

अब बनेगा बड़ौदा कॉलेज का भवन शासन ने जारी किए 12.65 करोड रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बजट के चक्कर में अटका बडौदा के शासकीय महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य अब जल्द ही शुरू हो जाएगा। ऐसा इसलिए कि शासन ने बडौदा महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 12 करोड 65 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि भी जारी कर दी है। बडौदा कॉलेज का भवन बनने से विद्यार्थियों को पढाई में आ रही परेशानियों का निदान हो जाएगा और उन्हें सुविधा युक्त भवन उपलब्ध हो जाएगा। बडौदा कॉलेज भवन निर्माण के लिए शासन की ओर से राशि दिए जाने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे छात्र हित में किए गए संघर्ष की बडी जीत बताया है।

यहां बता दें कि बडौदा के सरकारी महाविद्यालय के लिए काफी मशक्कत के बाद मूंडला गांव के पास जमीन आवंटित कर दी गई। लेकिन जमीन आवंटित होने के बाद शासन की ओर से भवन निर्माण के लिए बजट जारी नहीं किया गया। जिसके चलते बडौदा का कॉलेज भवन जमीन आंवटित होने के बाद भी अधर में अटक गया। इस मामले को लेकर छात्रों सहित छात्र संगठनों के द्वारा आवाज उठाई गई। वहीं विभागीय अधिकारियो के द्वारा भी प्रयास किए गए। जिसके बाद शासन की ओर से बडौदा कॉलेज भवन निर्माण के लिए राशि जारी कर दी गई है। बडौदा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य राहुल रंजन चौधरी ने बताया कि बडौदा कॉलेज भवन के लिए शासन की ओर से 12 करोड 65 लाख 53 हजार रूपए की राशि स्वीकृत कर दी गई है।

छात्रहित में किए संघर्ष की हुई बड़ी जीतःगणेश

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बडौदा कॉलेज भवन निर्माण के लिए शासन की ओर से राशि स्वीकृत किए जाने को छात्र हित में विद्यार्थी परिषद के द्वारा किए गए संघर्ष की जीत बताया है। अभाविप के जिला संयोजक गणेश शर्मा ने बताया कि बडौदा कॉलेज के लिए विद्यार्थी परिषद ने छात्रो के साथ मिलकर काफी संघर्ष किया है। जिसके बाद अब महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु राशि जारी होना विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध होने की उम्मीद है।

शहर के खातौली रोड क्षेत्र की घटना,पुलिस भी पहुंची

मोबाइल चलाने पर भाई ने डांटा तो 60 फीट ऊंची टंकी पर चढ़ गया बालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के खातौली रोड क्षेत्र में रहने वाले लोग सोमवार की सुबह 11 बजे के करीब उस समय चकित रह गए, जब एक 11 वर्षीय बालक मोबाइल चलाने पर भाई ने लगाई डांट से नाराज होकर 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ गया था। करीब एक घंटे तक किशोर पानी की टंकी पर बैठा रहा। परिवार के लोगो के साथ साथ मोहल्ले के लोग भी उसे समझाइश देते रहे,लेकिन वह नीचे आने को तैयार नहीं हुआ। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने खुद समझाइश देने के साथही बालक के स्कूल के शिक्षको को भी मौके पर बुलाकर उनके जरिए समझाइस दिलवाई तो बालक नीचे उतरवाया। जानकारी के अनुसार 11 वर्षीय बालक विक्रम बंजारा निवासी रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, सोमवार को स्कूल नहीं गया और मोबाइल चला रहा था। इसी बात से नाराज होकर उसके बड़े भाई ने उसे डांट दिया। भाई की डांट से नाराज होकर बालक पास ही स्थित 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया। जब परिजनों को इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह नीचे नहीं उतरा। इसी बीच सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

कोतवाली थाना प्रभारी सत्यम गुर्जर ने बताया कि बालक को भाई ने स्कूल जाने को बोला था, और मोबाइल भी ले लिया था, इसी से नाराज होकर वह टंकी पर चढ़ गया था। बाद में समझाइश देकर उसे सकुशल नीचे उतार लिया गया।

एक माह बाद टूटी महिला समूहों की हड़ताल, भोपाल से लौटकर की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बीते 15 सितंबर से विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने सोमवार को हड़ताल समाप्ति की घोषणा कर दी है इसके साथ ही स्कूलों में विधिवत रूप से भोजन खाना बना शुरू हो गया। ज्ञात हो कि बीते एक माह से प्रदेश में महिला समूह संघ के बैनर तले हड़ताल की जा रही थी जिसका श्योपुर में आंशिक असर देखा जा रहा था लेकिन अब पूरी तरह हड़ताल समाप्त कर दी गई है यह हड़ताल भोपाल में हुए प्रदर्शन ज्ञापन के बाद खत्म की गई है।

प्रांतीय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने बताया कि कक्षा 1 से आठवीं तक के बच्चों को सरकारी स्कूलों में एवं आंगनबाड़ियों में दर्ज हितग्राहियों को भोजन नाश्ता पका कर खिलाने वाले महिला समूह से जुड़ी मांगों को लेकर बीते एक माह से प्रदर्शन पूरे प्रदेश में किया जा रहा था बड़ा प्रदर्शन 10 अक्टूबर को भोपाल में हुआ है सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई है। अगर वादा अनुसार सरकार मांगे पूरी नहीं करती है तो आंदोलन दोबारा शुरू किया जा सकता है सोमवार को सभी स्कूलों में मीनू अनुसार खाना बनाया गया है जो आगे सुचारू रहेगा।



वार्ड 10 की विभिन्न गलियों में सीसी रोड नाली निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नगर पालिका परिषद श्योपुर द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न गलियों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण अभियान के क्रम में सोमवार को वार्ड क्रमांक 10 में गालियों एवं नालियों के निर्माण के काम का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ किया गया। दरअसल नगर पालिका परिषद द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प समर्पण अभियान के तहत शहर की उन गलियों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण का काम प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है जहां या तो रोड नहीं है अथवा जर्जर है। ऐसी गलियों में परिषद द्वारा युद्ध स्तर पर काम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को वार्ड क्रमांक 10 की विभिन्न गलियों के लिए करीब 36 लाख रुपए के कामों का भूमि पूजन नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग एवं भाजपा जिला शशांक भूषण तथा स्थानीय पार्षद वंदना विकास अग्रवाल ने किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, नपा उपाध्यक्ष संजय महाना, निर्माण समिति चेयरमेन प्रतिनिधि ओपी सिकरवार, पार्षदगण मोहम्मद खालिद फारुकी, जुगल मेहरा, वरिष्ठ पार्षद गुलाब राजोरिया एवं बंटी आर्य एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थें।



स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम अजनोई में 65 घरों में किया लार्वा सर्वे

श्योपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया नियंत्रण एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य टीम द्वारा ग्राम अजनोई में 65 घरों में लार्वा सर्वेक्षण किया गया तथा बुखार से पीड़ति मरीजों की जांच के लिए 12 जांच किट तैयार की गईं। मलेरिया नियंत्रण के लिए आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी कार्यवाही नियमानुसार की गई। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को मलेरिया एवं मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर रक्त की जांच कराएं

रैन बसेरा नहीं होने से विजयपुर में शर्मसार होती मानवता

रात काटी खुले में लेटकर, यहां दिखाई नहीं दिया सेवा के समर्पण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एकात्म मानववाद और अंत्योदय के पात्र आदिवासियों को विजयपुर में रात काटने के लिए ठिकाना तक नहीं मिला। छोटे छोटे बच्चों को माताएं मच्छरों की भिनभिनाहट से बचाने के लिए अपनी ओढ़नी से ढकती दिखी। जिन आदिवासियों के कारण विजयपुर को सरकार से अन्य विधानसभाओं के मुकाबले अधिक बजट मिलता है उन्ही आदिवासियों की सुविधा के लिए उनकी विधानसभा में ठहरने के लिए रैन बसेरा तक नहीं है।

रविवार की रात दूर शहरों से मजदूरी कर वापस लौटे कुछ आदिवासी परिवार बसों के माध्यम से विजयपुर तो आ गए लेकिन उन्हें दूसरे दिन लोकल बस पकड़ कर अपने गांव पहुंचना था इस तरह का सफर आदिवासियों का विजयपुर और कराहल विकासखंड के बीच चलता ही रहता है लेकिन रेन बसेरा की सुविधा नहीं होने की वजह से इन आदिवासी परिवारों को बस स्टैंड के बाहर सड़क पर ही रात गुजारनी पड़ती है। बस स्टैंड के बाहर बड़े लोगों ने तो जाग कर जैसे तैसे रात गुजार ली लेकिन बच्चों की रात काटना मुश्किल हो गई। भिन-भिना रहे मच्छर लगातार बच्चों को डस कर सता रहे थे जिससे उन्हें संक्रमित बीमारियां मलेरिया बुखार होने की भी संभावना निर्मित हो गई। प्रश्न यह उठ रहा है कि क्या आदिवासियों के लिए सरकार के पास बजट नहीं है। हर बस स्टैंड पर सरकार की रैन बसेरा बनाने की योजना विजयपुर मूर्त रूप क्यों नहीं ले सकी। विजयपुर में रेन बसेरा नहीं बनने के लिए नगर परिषद अपनी जिम्मेदारी कैसे निभाई यह भी विचारणीय प्रश्न है।



अग्रवाल समाज की धर्मशाला के भरोसे नगर परिषद

विजयपुर में आदिवासी समाज के लोग इसी तरह बसों के माध्यम से आते हैं और रात रुक कर अपने गांव तक दूसरे दिन लोकल बस के माध्यम से रवाना हो जाते हैं। ऐसे आदिवासियों को रहने का ठिकाना उपलब्ध अग्रवाल समाज करता है। जिसने शहर में धर्मशाला बनाई हुई है जो मात्र 10 या 20 रुपए लेकर आदिवासियों को ठहराते हैं। यही धर्मशाला आदिवासियों के लिए रेन बसेरे का काम कर रही है। शायद अग्रवाल समाज की इस सेवा के चलते ही नगर परिषद को अभी तक रेन बसेरा बनाने की आवश्यकता नहीं पड़ी लेकिन रविवार को अग्रसेन जयंती होने के चलते धर्मशाला में अग्रवाल समाज का कार्यक्रम था जिससे आदिवासियों को धर्मशाला में भी जगह नहीं मिली।

कराहल में भी यही हालात

विजयपुर की तरह कराहल में भी कमोवेश यही हालात हैं अगर आदिवासी कराहल मुख्यालय पर बसों के माध्यम से रात में उत्तर जाते हैं तो उन्हें दूर दराज गांवो में पहुंचने के लिए या तो रात में पैदल ही मिलो दूर का सफर तय करना पड़ता है या फिर किसी दुकान के बाहर सड़क किनारे रात गुजारनी पड़ती है। रात गुजारने के लिए उन्हें मुख्यालय पर भी कोई सरकारी ठिकाना नहीं मिलता है। कहने को तो आदिवासी विकासखंड में आदिवासियों के उत्थान के लिए करोड़ों रुपया फंड आता है लेकिन रेन बसेरा नहीं होने से आदिवासियों को दी जा रही सुविधाएं की पोल खुल जरूर रही है। यहां भी आदिवासी सड़क किनारे दुकानों के बाहर रात में सोते दिखाई देते हैं या फिर रात में ही जंगल के सफर में निकल जाते हैं।

इनका कहना..

यदि इस तरह की स्थितियां है तो संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के माध्यम से इसकी जानकारी लेकर स्थितियों में सुधार के लिए प्रयास किए जाएंगे।

रूपेश उपाध्याय
अपर कलेक्टर,श्योपुर

राहुल गांधी के खिलाफ लगाए नारे कांग्रेस सांसद का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोमवार की शाम भाजपा महिला मोर्चा ने शहर के जय स्थम्भ पर कांग्रेस सांसद एवं जेएनयू के प्रोफ़ेसर अंगोमचा बिमोल का पुतला फूंका इस दौरान भाजपा नेताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ नारे भी लगाए।

महिला मोर्चा द्वारा किए गए इस प्रदर्शन में कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी खासकर राहुल गांधी को लेकर महिला मोर्चा की नेत्रियो और भाजपा नेताओ ने खूब नारे लगाए। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा कुश्रेष्ठ ने कहा कि प्रोफेसर एवं कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजाम ने छात्राओं के साथ छेड़खानी की है जो कांग्रेस की विक्रत मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा बेटियों की सुरक्षा और महिलाओं का सम्मान राजनीति से ऊपर मानती है इसलिए महिला मोर्चा कभी भी नारी शक्ति के सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण,पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, भाजपा नेता रामलखन नापाखेडली, नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।



पहले ही दिन से कुमकुम और चंदन की थाली सजाकर माता की भक्ति प्रारंभ की

नवरात्रि पर्व की घटस्थापना से शुरुआत, शीतला माता के दरबार में महिलाएं जल चढ़ाने पहुंचीं





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नवरात्रि महापर्व की शुरुआत घटस्थापना से की गई। रविवार को सुबह की भोर में हजारों महिलाएं शीतला माता के दरबार में जल अर्पित करने पहुंचीं। यह पर्व आस्था, भक्ति और श्रद्धा का पर्व है। इस पर्व पर मां की आराधना भक्ति भाव से प्रारंभ हो गई है। शहर में झांकी स्थलों तक माता की प्रतिमाएं लाने का भक्ति भाव से आयोजन चलता रहा। घट स्थापना के साथ शुभ मुहूर्त में माता की स्थापना की गई। इस दौरान नांचते गाते हुए माता के भक्त प्रतिमाओं को ले जाते हुए देखे गए। झांकी स्थलों पर दरवारों को सजाया गया। नवरात्रि पर्व पर यह झांकियां श्रद्धालुओं के लिए आर्कषण का केन्द्र होगीं। घर-घर द्वार-द्वार रंगोलियां संजाई जा रही हैं। माता की भक्ति की जा रही है। देवी मां की आराधना का उल्लास अब शहर में प्रारंभ हो गया है।

शीतला मां के दरबार में हजारों महिलाएं पहले दिन पहुंचीं

उधर दूसरी ओर शहर में शीतला माता के दरबार में हजारों महिलाएं सुबह की भोर में जल चढ़ाने पहुंचीं और माता का अभिषेक किया गया। यह आयोजन लगातार नौ दिनों तक चलेगा। नवरात्रि का पर्व खुशी और उत्साह का संदेश लेकर आता है यह पर्व घर में खुशहाली संपन्नता और देवी मां की आराधना से शक्ति प्राप्त करने का पर्व है। इसी पर्व को लेकर जन समूह में अपार उत्साह लोगों में देखा जा रहा है। आस्था, कुमकुम और पूजा के थाल आज से लगना प्रारंभ हो गए हैं।



यह पर्व अशोकनगर शहर में सबसे बड़े स्तर पर मनाया जाता है। अशोकनगर शहर में नवरात्रि के पहले दिन से शीतला माता के दरबार में जल अर्पित करने के लिए महिलाएं पहुंचना प्रारंभ होती हैं।

30 हजार से अधिक महिलाएं प्रतिदिन पहुंच रही माता के दरबार में

30 हजार से अधिक महिलाएं प्रतिदिन माता का अभिषेक करने के लिए पहुंचती हैं। सुबह की भोर में 4 बजे से महिलाएं अपने घर से निकलना प्रारंभ करती हैं जो दोपहर 12 बजे तक कार्यक्रम चलता रहता है। महिलाओं की भीड़ इतनी रहती है की गिनती कर पाना मुश्किल है सारे वर्गों की महिलाएं यहां पहुंचती है और माता को जल अर्पित करती है। शीतला माता का दरबार माता की आराधना और भक्ति के साथ प्रारंभ होता है। यह माता यहां के लिए शुभ संदेश लेकर आती है, कोई भी मंगलकारी पर्व हो, सबसे पहले शीतला माता के दरबार में ही जाकर पूजा अर्चना की जाती है। यहां शीतला माता के दरबार के साथ अनेक मंदिर है यहां भी महिलाएं जल अर्पित करती हैं। महिलाएं अपने घरों से पात्रों में जल लेकर पहुंचती है और कई महिलाएं इस स्थान पर शुद्ध जल लेकर अर्पित करती हैं। शीतला माता का दरबार यहां की सबसे बड़ी देवी मां का दरबार है जो अत्यंत मंगलकारी और शुभकारी है।

शहर में 100 से अधिक स्थानों पर देवी मां की झांकियां सजी

शहर में 100 से अधिक स्थानों पर देवी मां की झांकियां लगी हैं। इन झांकियां में माता के दरबार सजाए जा रहे हैं अनेक स्थानों पर माता की प्रतिमाएं भक्ति भाव से लाई गई और शुभ मुहूर्त में देवी मां की स्थापना की गई। पूरा शहर दुल्हन की तरह सज रहा है शहर के गली मोहल्ले और चैराहे माता की भक्ति में डूबना आरंभ हो गए हैं। शहर माता की भक्ति के लिए सज धज कर तैयार है गरबा के लिए भी महिला संगठन पूरी तैयारी के साथ लगे हैं। जिसमें माता की आराधना की जाएगी।

विद्युत संविदा कर्मचारियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाईज एवं इंजीनियर्स के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विद्युत विभाग में लंबे समय से सेवाएं दे रहे संविदा कर्मचारियों के विभागीय परीक्षा के माध्यम से नियमितीकरण की प्रक्रिया में हो रही देरी के विरोध में मुंगावली के विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव एवं अशोकनगर के विधायक इंजी. हरिबाबू राय को विद्युत संविदा कर्मचारियों द्वारा उनके निवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया।

संविदा बिजली कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार और विभाग उनकी सुध नहीं ले रहा है और उन्हें नियमित करने को लेकर कोई गंभीर कदम नहीं उठाया जा रहा है। संगठन सचिव मुकेश जैन का कहना है कि गत 24 जुलाई को बिजली विभाग की ओर से एक परिपत्र (सर्कुलर) जारी किया गया था, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी नियमितीकरण की प्रक्रिया धरातल पर शुरू नहीं की गई है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि वे विभागीय परीक्षा देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, इसके बावजूद उनके नियमितीकरण की प्रक्रिया को लटकाया जा रहा है। उनका साफ आरोप है कि सरकार इन कर्मचारियों को नियमित करना ही नहीं चाहती है।

दीपावली से पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

सरकार और विभाग के रवैये से नाराज बिजली संविदा कर्मचारियों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। यूनाइटेड फोरम के संगठन सचिव मुकेश जैन के अनुसार यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेशभर के बिजली संविदा कर्मचारी आने वाली दीपावली के ठीक पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

पिपरई में किसान के मक्का खेत में लगी आग, फसल जलकर नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



नगर के गरेठी रोड स्थित किसान नीरज पटेल के मक्का के खेत में अचानक आग लगने से फसल को नुकसान हुआ है। खेत में करीब तीन बीघा जमीन पर मक्का की फसल खड़ी थी, जबकि कुछ फसल काटकर रखी गई थी। आग की चपेट में आने से फसल जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक फसल का काफी हिस्सा जलकर नष्ट हो चुका था। घटना के समय खेत में कुछ लोग फसल काट रहे थे, जिन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई। फसल जलने से किसान नीरज पटेल को काफी नुकसान हुआ है। इस घटना के बाद किसान परेशान है और उसने प्रशासन से नुकसान का आकलन कराकर उचित आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है, ताकि उसे हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दियाधरी निवासी सावित्री अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामलाल और देव सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मथनेर निवासी देवेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विश्ववीर सिंह,धर्मेन्द्र, निरंजन सिंह, घनश्याम, नीरज व शिवराज रघुवंशी ने उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विश्ववीर सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट कराई की महेश, देवेन्द्र प्रदूमन, रमेश, गुडडीबाई और रिंकी रघुवंशी ने उससे मारपीट की। कचनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करैया राय निवासी राहुल जैन ने रिपोर्ट कराई कि शिवकुमार रघुवंशी ने उससे मारपीट की।

रोटरी क्लब के नेत्र शिविर में 112 मरीजों का इलाज, 34 ऑपरेशन के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रविवार को रोटरी क्लब अशोकनगर द्वारा श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय लटेरी आनंदपुर के सहयोग से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया। इस निःशुल्क नेत्र शिविर में सद्गुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अनीश शुक्ला एवं डॉक्टर शिव गणेश और टीम द्वारा 112 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 34 मरीज को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। साथ ही 70 मरीजों को शिविर में दवा वितरित की गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष विजय कुमार, वरिष्ठ रोटेरियन रोशन कोहली रोटरीयन अजीत कुमार जैन उपस्थित रहे। जिसमे रोटेरियन माधवसिंह रघुवंशी ने भोजन वितरण में सहयोग प्रदान किया।

70वीं एसजीएफआई संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में...

जीएनपीएस का दबदबा, अंडर-14 बालक वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

दमोह में आयोजित प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार शानदार प्रदर्शन अंडर-19 बालिका वर्ग ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

दमोह में 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित 70वीं एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल (जीएनपीएस), के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 बालक वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग ने रजत पदक हासिल कर विद्यालय एवं शहर का गौरव बढ़ाया।

जीएनपीएस के खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का सिलसिला ब्लॉक स्तर से शुरू किया, जहां उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीतकर खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार परिचय दिया है।

अंडर-19 बालिका टीम ने जीता रजत पदक

अंडर-19 बालिका वर्ग में कनिष्का यादव, नाजमीन निशा और कौशल्या ठाकुर ने प्रतियोगिता में भाग लेकर रजत पदक हासिल किया। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर विकास अग्रवाल, प्राचार्य शिखा अग्रवाल, एओ शैलेन्द्र सिंह एवं हेड मिस्ट्रेस सोनाक्षी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही वॉलीबॉल कोच गीतश रैकवार एवं कोच शिखा मिश्रा को भी खिलाड़ियों के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, टीम भावना और प्रशिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।

अंडर-14 बालक टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली अंडर-14 बालक टीम में कप्तान मयंक रोहित के साथ श्रेयांश वाल्मीकि, दिव्यांश साकवार, नमन पंडोलिया, चिन्मय मेघवानी, अनिरुद्ध नापित और अनीमेश अहिरवार शामिल रहे। टीम के सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

तेज रफ्तार आ रहे हार्वेस्टर की टक्कर से दो बाइक सवार युवकों की मौत

बीना। रेता मुहांसा जा रहे दो बाइक सवार युवकों को ग्राम नौगांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार हार्वेस्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए दोनों युवकों में से एक की मौके पर ही मौत गई। वहीं दसरे ने भोपाल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया।

रेता मुहांसा में आयोजित देवी प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे युवक

जानकारी अनुसार, रविवार को पांच युवक दो बाइकों से बीना से रेता मुहांसा में आयोजित देवी प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। एक बाइक पर तीन और दूसरी बाइक पर दो युवक सवार थे। इसी दौरान ग्राम नौगांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार हार्वेस्टर ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में सागर के मोतीनगर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक अजय राजपूत के बेटे अमर राजपूत (20) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रेता मुहांसा निवासी अविराज सिंह पिता राजपाल सिंह यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सागर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) रेफर किया गया था। हालत में सुधार नहीं होने और स्थिति अधिक गंभीर होने पर सोमवार को डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। हालांकि, भोपाल पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे ने दोनों परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। अमर और अविराज की मौत की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद क्षेत्र में भी शोक का माहौल है।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह पर लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह पर संघ यात्रा के 100 वर्ष पर प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर दिवंगत स्वयंसेवकों को श्रद्धांजलि दी गई। अथक पथ संग्रहालय के अध्यक्ष मुरारी गोस्वामी एवं राम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्र की सेवा में समर्पित स्वयंसेवक प्रचारक और संघ कार्य से जुड़े हजारों लोगों की चित्र प्रदर्शनी एवं संघ यात्रा से संबंधित पुराने समाचार पत्र एवं उस समय के चित्रों को लगाया गया। मुरारी गोस्वामी ने बताया कि आज राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से यदि कोई संगठन देशभर में काम कर रहा है तो वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उसके अनेकों संगठन राष्ट्रीय स्तर पर है। जो



शिक्षा सेवा, चिकित्सा, राजनीति, सामाजिक सेवा जैसे अनेकों क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में जिला प्रचारक विजय, जिला संघचालक संजीव जैन, डॉक्टर संध्या टिकेकर, मंजू साहू, राजेंद्र गुलाटी, जितेंद्र राय, संतोष कुशवाहा, भूपेंद्र नामदेव, विजय सुंदरानी, मंसाराम सुंदरानी, गोविंद तिवारी, रिचा राजपूत, विजय वाधवानी, हर्षवर्धन, धीरज लोधी, ओपी शर्मा, विशाखा लोधी, नम्रता ताम्रकार, सुनीता राय, माधवी जैन, किरण लोधी, सुनील मुडोतिया, प्रोफेसर एके जैन, विवेक धर्मपुरीकर, सीताराम चौरसिया, मयंक दुबे, रामस्वरूप पाल, शिव शंकर पटेल, विशाखा लोधी सहित सैकड़ो लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं अपूर्व परिहार विशाखा जैन प्रतिभा रावत द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना की।

उन्नति का मूल मंत्र, सेवा और प्रेम है न की आज्ञा और बल प्रयोगः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनिश्री निरंजन सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीन दुःखी एवं पीड़ित बंधुओं की सेवा करने में जो गौरव युक्त आनंद मिलता है, वह सभ्य समाज की दावतों में नहीं प्राप्त होता है। बिना उत्साह के कोई महान उपलब्धि कभी नहीं हुई है। उन्नति का मूल मंत्र, सेवा और प्रेम है न की आज्ञा और बल प्रयोग। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति सद्भाव पूर्ण उपकार शीघ्र ही फल देता है। कहते भी हैं-तलवार मारे एक बार, अहसान मारे बार-बार। तृण तुल्य भी उपकार क्यों न हो, इसके फल को समझने वाले उसे ताड़ के समान मानेंगे। जिनके हृदय में सदैव परोपकार की भावना रहती है उनकी आपदायें समाप्त हो जाती है और पग-पग पर सुख की प्राप्ति होती है। करुणा करने वालों का शरीर परोपकार से शोभा पाता है, चन्दन से नहीं। परोपकार के लिये मरने का सौभाग्य तो संस्कारवान को ही प्राप्त होता है। जो दूसरों की भलाई करना चाहता है, उसने अपना भला तो कर ही लिया है। भलाई करना कत्तव्य नहीं आनंद है, क्योंकि वह तुम्हारे स्वास्थ्य और सुख में वृद्धि करता है। जो आपके साथ भलाई करता है, वह आपको भला होना सिखा देता है। करुणा से आद्र हृदय वाले व्यक्ति सभी के अकारण बन्धु होते हैं। अवसर पर जो उपकार किया जाता है, वह देखने में छोटा भले ही हो परन्तु जगत में सबसे महान है।

जागेश्वरी शक्तिपीठ से निकाली शोभायात्रा, उमड़ा सैलाब

मां जागेश्वरी की रजत पालकी में नासिक के ढोल, गरबा नृत्य रहे आकर्षण का केंद्र





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

शारदीय नवरात्रि का पहले दिन घट स्थापना, पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों के साथ शुरू हुआ। वहीं कच्चा रोड स्थित मां जागेश्वरी शक्तिपीठ से शहर में भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। जो शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर थाने के पीछे, सर्वोदय चौक, कॉलेज तिराहा, गांधी चौराहा, महावीर चौक होते हुए शक्तिपीठ पर समापन हुआ। शोभायात्रा में नासिक के ढोल, गरबा नृत्य, डमरू पार्टी, मरई माता अखाड़ा खुरई, शेर पार्टी नागदा, मयूरी मटकी इंदौर, भजन मंडली नरयावली और गरबा पार्टी सागर आकर्षण का केंद्र रहे। विभिन्न नृत्य दलों, अखाड़ों और धार्मिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। रजत पालकी में विराजमान मां जागेश्वरी का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पूजन किया एवं पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। मां जागेश्वरी की रजत पालकी कई वर्षों से नगरवासियों के सहयोग से निकाली जा रही है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यात्रा में मां जागेश्वरी शक्तिपीठ के अध्यक्ष दिनेश पाठक, एडवोकेट सुरेंद्र यादव, केके चौरसिया, मेहरबान सिंह राजपूत, मानसिंह राय, डॉ. प्रकाश अग्रवाल, आलेख राय, राकेश वर्मा सहित धर्मप्रेमी शामिल हुए।

देवी मंदिरों में लगी कतारें

नवरात्रि के पहले दिन बीना के कच्चा रोड स्थित मां जागेश्वरी मंदिर, मढ़िया वार्ड की बड़ी माता मंदिर, गल्ला मंडी स्थित दुर्गा माता मंदिर, शिव मंदिर परिसर की कात्यायनी देवी, बड़े मंदिर की मां दुर्गा, कटरा मंदिर, झांसी गेट स्थित देवी मंदिर, छोटी बजरिया के रामजानकी मंदिर, स्टेशन रोड और ग्वालटोली सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

ग्वालियर में आयोजित सात दिवसीय शिविर में महक ने महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत ग्वालियर में आयोजित सात दिवसीय शिविर में शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय, मुंगावली की बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा महक पटेल ने सक्रिय सहभागिता कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। शिविर के दौरान महक पटेल ने सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, जनसेवा एवं सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।



उनकी सक्रियता, अनुशासन और सेवाभाव की सराहना की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी करण राजपूत ने महक को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का माध्यम है।